उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

505 / 2016

1. सुगनसिंह पुत्र
2. सुमेर सिंह पुत्र
3. संतोष कंवर पत्नि

स्व0 जगदीशसिंह जाति राजपूत निवासीगण पाडलिया तह0 मांगरोल

....प्रार्थीगण

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 आर0एल0आर0एक्ट0

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)
वकील वादीगण : श्री कर्मवीर शर्मा

निर्णय दिनांक : 15.02.2018

दायरा दिनांकः 19.09.2016

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण के खाते की आराजी खाता संख्या 87 खसरा नं0 589 रकबा 0.49 है0, खसरा नं0 600 रकबा 0.36 है0, खसरा नं0 601 रकबा 0.11 है0, खसरा नं0 646 रकबा 0.26 है0, खसरा नं0 1021 रकबा 0.01 है0, खसरा नं0 1024 रकबा 0.03 है0, खसरा नं0 1026 रकबा 0.01 है0, खसरा नं0 1033 रकबा 0.02 है0 कुल किता 8 रकबा 1.29 है0 वाके ग्राम पाडलिया तह0 मांगरोल में स्थित है जो प्रार्थीगण को विरासत में प्राप्त हुयी है। उक्त वर्णित आराजी सेटलमेंट के पूर्व खसरा नं0 489 रकबा 3 बीघा 1 बिस्वा, खसरा नं0 490 रकबा 12 बिस्वा, खसरा नं0 493 रकबा 2 बीघा 16 बिस्वा, खसरा नं0 522 रकबा 2 बीघा 12 बिस्वा, खसरा नं0 706 रकबा 1 बिस्वा, खसरा नं0 702 रकबा 3 बिस्वा, खसरा नं0 710 रकबा 1 बिस्वा कुल किता 7 रकबा 9 बीघा 11 बिस्वा सम्वत 2037–40 में खातेदार गुलाबबाई दुख्तर ग्यारसीसिंह कोम राजपूत साकिन देह के नाम दर्ज रेकार्ड थी जो प्रार्थीगण की दादी थी। इस प्रकार प्रार्थीगण की आराजी में 0.26 है0 की कमी करते हुए सेटलमेंट विभाग ने आराजी दर्ज कर दी जिसको प्रार्थीगण दुरूस्त करवाने के अधिकारी है। अतः निवेदन है कि ग्राम पाडलिया तह0 मांगरोल की आराजी खाता संख्या 87 रकबा 1.29 है0 में हुयी कमी 0.26 है0 दुरूस्त की जाकर वर्तमान रकबा गत रकबे के मुकाबले 1.55 है0 दर्ज किया जाकर नक्शा भी दुरूस्त किया जावे।

Web Copy - Not Official

...शय का प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर दिनांक 19.09.2016 को प्रकरण दर्ज रजिस्टर ... तहसीलदार मांगरोल से जांच रिपोर्ट ली गयी। तहसीलदार मांगरोल ने अपने पत्र ...0अ0/2017 केम्प हिंगोनिया/10 दिनांक 07.07.2017 से अपनी रिपोर्ट में अंकन किया कि ... हल्का पाडलिया से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पाडलिया की जमाबन्दी सम्वत 2071–74 ...ाता संख्या 87 मे सुगन सिह , सुमेर सिंह पुत्रान जगदीश सिंह वगै0 के नाम 8 बीघा रकबा 1. ...9 है0 भूमि खाते दर्ज है। तथा सेटलमेंट से पूर्व खाते मे 9.07 बीघा की तुलना मे 0.20 है0 की कमी पाई समीपवर्ती खसरा नं. के रकबे से मिलान करने पर किसी भी खसरा नं. के रकबे मे बढोतरी नही हुई अतः कमी रकबे की पूर्ति किया जाना सम्भव नही है।

हमारे द्वारा पत्रावली का अद्योपान्त अवलोकन किया तथा तहसीलदार मांगरोल की रिपोर्ट अनुसार समीपवर्ती खसरा नं. के रकबे से मिलान करने पर किसी भी खसरा नं. के रकबे मे बढोतरी नही होने से कमी रकबे की पूर्ति किया जाना सम्भव नही है। अतः प्रार्थना पत्र खारीज किया जाता है। पत्रावली में निर्णय मजमें आम सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 15.02.2018 को सरेइजलास मजमेंआम में सुनाया गया।